मजबूत मांग के साथ अर्थव्यवस्था में तेजी

त्योहारी सीजन, जीएसटी सुधार और ग्रामीण-शहरी मांग से गति में इजाफा : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर. वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर सुधारों के कार्यान्वयन और त्योहारी सीज़न के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में माँग की स्थिति मज़बूत होने से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेज़ी बनी हुई है.

सितंबर, 2025 के लिए इस रिपोर्ट में कहा गया है, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और खाद्य श्रेणियों में अपस्फीति से इसमें मदद मिली है. वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति घट कर 1.7 प्रतिशत तक आई है. गैर-खाद्य और गैर-ईंधन वस्तुओं की कीमतें स्थिरता के साथ सितंबर 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति अनुमानित 4.6 प्रतिशत रही. वित्त मंत्रालय ने कहा कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने आपूर्ति पक्ष में अच्छा विस्तार किया है. वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में अनुमान से ज़्यादा वृद्धि और दूसरी तिमाही में लगातार वृद्धि के रुझानों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि के अनुमान को सुधार किया है और इसके 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है.

> केंद्रीय बैंक द्वारा हाल ही में किए गए नीतिगत बदलावों की सराहना करते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनाए रखने के आरबीआई के प्रयासों ने आर्थिक गतिविधियों को और मजबूत करने के लिए संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. आरबीआई की हालिया नियामकीय और विकास नीति, व्यापक संरचनात्मक सुधारों के साथ विवेकपूर्ण व्यवहार को दर्शाते हुए, उभरती हुई व्यापक आर्थिक परिस्थितियों के प्रति एक संतुलित प्रतिक्रिया को दर्शाती है.

कंपनी ने विंटर सीज़न में 250 फ्लाइट्स रोजाना चलाने का ऐलान किया

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर. एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के शेयरों में सोमवार को जोरदार तेजी दर्ज की गई. बीएसई पर कंपनी का शेयर 6 प्रतिशत उछलकर 40.59 के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया जो पिछले तीन महीनों का उच्चतम स्तर है. पिछले तीन कारोबारी सत्रों में ही स्पाइसजेट के शेयरों में 22.5 प्रतिशत की तेजी आई है. सोमवार को स्टॉक 38.19 पर खुला और तेजी के साथ 40 रुपये के पार निकल गया. स्पाइसजेट ने घोषणा की वह इस विंटर सीज़न में 250 फ्लाइट्स प्रतिदिन ऑपरेट करेगी. कंपनी गर्मियों के सीजन में 125 और पिछले साल की सर्दियों में 150 फ्लाइट्स चला रही थी.

10 साल में सबसे अधिक डॉलर का निर्यात

100 से अधिक देशों में 20 अरब डॉलर के उत्पादों का निर्यात

कुल बिक्री को 80 अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर. भारतीय निर्यातकों ने अमेजन के माध्यम से पिछले 10 साल में दुनिया के 100 से अधिक देशों में 20 अरब डॉलर के उत्पादों का निर्यात किया है.

भारत में अमेजन के वैश्विक बिक्री प्रमुख श्रीनिधि कलवापुडी ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अमेजन ने साल 2015 में भारतीय तेाओं के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोले थे. अब तक अमेजन के प्लेटफॉर्म के माध्यम से 100 से अधिक देशों में 20 अरब डॉलर से ज्यादा के भारतीय उत्पादों की बिक्री की गई है. कंपनी का लक्ष्य साल 2030 तक कुल बिक्री को 80 अरब डॉलर पर पहुंचाने का है. उन्होंने बताया कि भारतीय उत्पादों के लिए अमेजन के माध्यम से सबसे बड़ा आयातक देश अमेरिका रहा है. इसके बाद क्रमश: ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान है. अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के निर्णय से बिक्री पर असर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी आयात शुल्क बढ़े सिर्फ दो महीने ही हुए हैं और इस समय कोई टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी.

कमर्शियल वाहनों पर जीएसटी कटौती से ऑपरेटर्स को राहत

लागत में कमी से नकदी प्रवाह सुधरेगा

नई खरीद में फिलहाल सुस्ती बरकरार

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर. कमर्शियल वाहन उद्योग के लिए राहत भरी खबर है. केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने से फ्लीट ऑपरेटर्स की परिचालन लागत में कमी आएगी. हालांकि, रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का मानना है कि नए वाहनों की खरीदारी में तत्काल बड़ा उछाल देखने को नहीं मिलेगा.

फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए सरकार का हालिया निर्णय राहत लेकर आया है. कमर्शियल वाहनों पर जीएसटी दर घटाकर 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत किए जाने से उनकी लागत संरचना पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से परिचालन लागत में गिरावट आने के बावजूद, बाजार में नए वाहनों की खरीदारी फिलहाल धीमी रह सकती है. रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू फ्लीट ऑपरेटर्स की आय चालू वित्त वर्ष में 8 से 10 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है. इसका प्रमुख कारण घरेलू माल परिवहन की बढ़ती मांग और आयात-निर्यात गतिविधियों में सुधार है. एजेंसी ने बताया कि ट्रक और लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर्स को बढ़ते फ्रेट वॉल्यूम और स्थिर भाड़ा दरों से समर्थन मिलेगा. क्रिसिल का कहना है कि उच्च राजस्व और स्थिर लाभप्रदता से फ्लीट ऑपरेटर्स की नकदी स्थिति में सुधार होगा. इससे उनकी वर्किंग कैपिटल की जरूरतें आंशिक रूप से पूरी हो सकेंगी और शॉर्ट-टर्म कर्ज पर निर्भरता घटेगी.

कमर्शियल वाहन बिक्री धीरे-धीरे सुधार के संकेत

रिपोर्ट ने यह भी चेताया कि वाहन निर्माताओं की ओर से कीमतों में संभावित वृद्धि और डीज़ल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियाँ आने वाले महीनों में मांग को प्रभावित कर सकती हैं. विश्लेषकों का मानना है कि त्योहारी सीजन और बढ़ते लॉजिस्टिक नेटवर्क विस्तार से अगले कुछ तिमाहियों में कमर्शियल वाहन बिक्री धीरे-धीरे सुधार के संकेत दे सकती है.

सोने की कीमतों से परिवारों की संपत्ति बढ़ी

कागजी नेटवर्थ में उछाल, लेकिन खपत पर असर सीमित

सोने की कीमतों में उछाल के बावजूद खर्च में तेजी नहीं आई

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर.सोने के दामों में आई तेज उछाल ने भारतीय परिवारों की कुल संपत्ति को रिकॉर्ड स्तर तक पहुँचा दिया है. लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इस कागजी अमीरी ने खपत या उपभोग पर कोई खास असर नहीं डाला है. सिस्टमैटिक्स रिसर्च की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ी हुई संपत्ति का असर तभी दिखता है जब परिवार सोने को बेचते हैं, जो आमतौर पर आर्थिक संकट के समय ही होता है.

सिस्टमैटिक्स रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से भारतीय परिवारों की नेट वर्थ तो बढ़ी है, लेकिन इसने उपभोग पर कोई ठोस प्रभाव नहीं डाला. रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में उपभोग का असली चालक आय वृद्धि है, जो कोविड के बाद से सुस्त बनी हुई है. सोने की कीमतों में उछाल के बावजूद खर्च में तेजी नहीं आई है. विश्लेषकों ने बताया कि सोने की ऊँची कीमतें 'नेशनल वेल्थ इफेक्ट' तो पैदा करती हैं — यानी संपत्ति का आभास बढ़ाती हैं — लेकिन जब तक लोग सोना बेचकर नकदी नहीं निकालते, तब तक खर्च में कोई वास्तविक बढ़ोतरी नहीं होती.

> हाल के महीनों में सोने को गिरवी रखकर लिए जा रहे ऋणों में वृद्धि देखी गई है — जो उपभोग में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि आर्थिक दबाव का संकेत है. सिस्टमैटिक्स ने कहा कि सोने पर आधारित लोन वृद्धि, उपभोक्ता आत्मविश्वास या खर्च बढ़ने का नहीं बल्कि नकदी प्रवाह की तंगी का संकेत है. इससे स्पष्ट है कि सोने की ऊंची कीमतें रोज़मर्रा की खपत में वृद्धि का कारण नहीं, बल्कि आर्थिक सुरक्षा के विकल्प के रूप में काम कर रही हैं.

इंडियन ऑयल ने दूसरी तिमाही में कमाया 7,610 करोड़ रुपये का मुनाफा

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर. देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर 7,610 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया. पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका मुनाफा 180 करोड़ रुपये और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 5,689 करोड़ रुपये रहा था.

कंपनी के निदेशकमंडल की सोमवार को हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी गयी. उसने बताया कि तिमाही के दौरान उसका कुल राजस्व 4.07 प्रतिशत बढ़कर 2,04,515 करोड़ रुपये पर पहुंच गया.

नये शिखर पर शेयर बाजार

567 अंक से उछला सेंसेक्स

170 अंक से बढ़ा निफ्टी

मुंबई, 27 अक्टूबर. अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति और वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट में दूसरी तिमाही में भी भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने की खबरों के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और प्रमुख सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुये.

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक (0.67 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 84,778.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 170.90 अंक यानी 0.66 फीसदी की बढ़त में 25,966.05 अंक पर बंद हुआ. यह दोनों सूचकांकों का अब तक का उच्चतम बंद स्तर है. मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.05 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की बढ़त में रहा. वित्त मंत्रालय की आज जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत बनी हुई है.

पुणे प्लांट में 345 करोड़ के निवेश की घोषणा

मुंबई, 27 अक्टूबर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और कनेक्टेड ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी में दुनिया की अग्रणी कंपनी हार्मन ने सोमवार को पुणे के चाकण में अपने ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संयंत्र के विस्तार के लिए 345 करोड़ रुपये (4.2 करोड़ डॉलर) के नये निवेश की घोषणा की.

निवेश में तत्काल विस्तार के लिए 45 करोड़ रुपये (55 लाख डॉलर) और अगले तीन वर्षों में एडवांस्ड टेलीमैटिक्स और नेक्स्ट-जनरेशन ऑटोमोटिव कनेक्टिविटी कार्यक्रमों के समर्थन के लिए अतिरिक्त 300 करोड़ रुपये (3.65 करोड़ डॉलर) शामिल हैं. इसके साथ, हार्मन का पुणे प्लांट में साल 2014 से अब तक कुल निवेश 554 करोड़ रुपये (6.7 करोड़ डॉलर) तक पहुंच गया है. यह विस्तार 2027 तक पुणे में 300 नयी नौकरियां सृजित करेगा. कंपनी ने बताया कि 345 करोड़ रुपये के नये निवेश से उत्पादन क्षमता में 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी. कंपनी हरित विनिर्माण पर फोकस करेगी और 2030 तक 100 शत-प्रतिशत हरित ऊर्जा के इस्तेमाल का लक्ष्य हासिल करेगी.

कच्चे तेल की कीमतों में बढ़त

डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे गिरकर 87 .95 पर पहुँचा

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर. अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और डॉलर की मजबूती ने सोमवार को भारतीय रुपये पर दबाव बनाया. शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे कमजोर होकर 87.95 के स्तर पर आ गया.

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को विदेशी मुद्रा बाजार में भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे गिरकर 87.95 पर पहुँच गया. यह गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कीमतों और विदेशी पूंजी निकासी के दबाव के चलते दर्ज की गई. विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार समझौते की संभावनाओं से वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की मांग को लेकर आशावाद बढ़ा है. इसी उम्मीद में तेल की कीमतें ऊपर जा रही हैं, जिससे आयात बिल में वृद्धि की आशंका से रुपये पर दबाव बना है. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार सुबह 87.87 पर खुला और शुरुआती सौदों में 87.95 तक गिर गया. यह पिछले सत्र के बंद भाव 87.83 से 12 पैसे की गिरावट है. सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक अमित पबारी ने कहा, फिलहाल रुपया सावधानी और उम्मीद के बीच झूलता हुआ दिखाई दे रहा है. अगर यह 87.50 के स्तर से नीचे टिकता है, तो आने वाले सत्रों में 86.80-87 तक सुधर सकता है. जबकि ऊपरी स्तर पर 88.30-88.40 के बीच मज़बूत प्रतिरोध बना हुआ है. इस बीच, डॉलर इंडेक्स, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापता है.

टीसीएस ने ब्रितानी अखबार के दावों को बताया भ्रामक

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर. भारत की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज(टीसीएस) ने ब्रितानी अखबार द टेलीग्राफ की उस रिपोर्ट को भ्रामक बताया है जिसमें कहा गया था कि स्थानीय ब्रिटेन की कंपनी मार्क एंड स्पेंसर ने साइबर हमले रोकने में विफल रहने के कारण भारतीय कंपनी का अनुबंध समाप्त कर दिया है. टीसीएस ने सोमवार को शेयर बाजार को दिये गये बयान में कहा है, टेलीग्राफ द्वारा प्रकाशित खबर भ्रामक है. इसमें अनुबंध की राशि और टीसीएस के मार्क एंड स्पेंसर के लिए काम करने की निरंतरता समेत तथ्यात्मक विसंगतियां हैं.

नाना पटोले ने राजनीति से बनाई दूरी

मुंबई. महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और ओबीसी नेता विधायक नाना पटोले इन दिनों राजनीतिक मंचों से दूरी बनाकर चल रहे हैं. पिछले कुछ महीनों से वे किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम, सभा या पार्टी मीटिंग में नजर नहीं आए हैं.

सकल ओबीसी समाज के सम्मेलन सहित कई महत्वपूर्ण आयोजनों से उनकी अनुपस्थिति ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दिया है. हालांकि नाना पटोले ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महाराष्ट्र की बदहाली के लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकारें जिम्मेदार हैं. कौन कितना लूट रहा है, इसी पर काम चल रहा है. उनके इस बयान ने एक बार फिर राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है.

पटोले ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत कांग्रेस से की थी. किसानों और ओबीसी के विषय को लेकर भाजपा में चले गए, लेकिन बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की नीतियों का विरोध करते हुए उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया. राहुल गांधी के निकट माने जाने वाले पटोले को राष्ट्रीय स्तर पर किसान महासंघ का अध्यक्ष पद भी दिया गया. भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र में भाजपा टिकट पर उन्होंने दिग्गज नेता प्रफुल पटेल को पराजित कर अपनी ताकत दिखाई थी. इसके बाद उन्होंने नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिल सकी. लोकसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस ने पराजय की जिम्मेदारी नाना पटोले पर डालते हुए उनसे प्रदेशाध्यक्ष और विधानसभा दल नेता का पद छीन लिया. तब से वे धीरे-धीरे राजनीतिक गतिविधियों से दूर होते गए हैं. अब वे शायद ही किसी कार्यक्रम में नज़र आते हैं, जिससे उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें भी तेज़ हो गई हैं. दूसरी ओर, कांग्रेस में रहते हुए भी उन्हें कोई ठोस जिम्मेदारी नहीं दी गई है.

कांग्रेस की नादानी और तेजस्वी का दांव

पटना. कांग्रेस पार्टी का पुनरूत्थान करने के लक्ष्य के साथ बिहार पहुंचे कृष्णा अल्लावरू कांग्रेस के संभवतः एकमात्र प्रभारी महासचिव हैं, जो वेतन पर नौकरी करते हैं. कांग्रेस उनको वेतन देती है. वे यूथ कांग्रेस में भी वेतन पर ही काम करते थे. तभी उन्होंने बिल्कुल कॉरपोरेट स्टाइल में बिहार में काम किया.

उनको जो मैंडेट था उसमें बिल्कुल लचीलापन उन्होंने नहीं दिखाया. तभी ऐसे तमाम नेता किनारे हो गए, जिनका आधार था, जो बिहार के जानते समझते थे और जिनका लालू प्रसाद के परिवार के साथ अच्छे संबंध थे. उनकी जगह पप्पू यादव जैसे नेता उभर कर सामने आ गए, जिनके साथ लालू परिवार के बहुत खराब संबंध रहे हैं. इस वजह से राजद और कांग्रेस में दूरी बढ़ी. अल्लावरू के साथ जो दूसरे नेता आगे बढ़े वे कन्हैया कुमार हैं. उनका बिहार में कोई राजनीतिक वजूद नहीं है, लेकिन अपने गृह जिले बेगूसराय की राजनीति को वे अपने हिसाब से चलाना चाहते हैं, जो वहां लेफ्ट के साथ संबंध खराब हो गए. कांग्रेस की बड़ी गलती यह हुई कि उसने बछवाड़ा सीट पर जहां पिछले चुनाव में सीपीआई के अवधेश राय तीन सौ वोट से हारे थे अपने शिव प्रकाश गरीब दास को उतार दिया.

In The Court Of XIX Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal

Presiding Officer: आशीष मिश्रा

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000067/2025)

श्री यतेन्द्र व्यास.......आवेदक
Vs
सर्वसाधारण .. ..अनावेदक

Process Id-/2025
पेशी दिनांक: 12/12/2025

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक यतेन्द्र व्यास पता ने मृतक सुनंदा व्यास निवासी - म.नं. 19,सीनियर एम.आई.जी. फ्लेट, बी सेक्टर, इन्द्रपुरी, भोपाल की एफ.डी.- खाता क्र.- 20176454308 में जमा की राशि/संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 December 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

यह आज तारीख 10 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

आशीष मिश्रा
उन्नीसवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, भोपाल (म.प्र.)

नाम परिवर्तन

मेरा नाम राकेश राय (RAKESH RAI) पिता श्री जवाहर लाल राय (JAWAHAR LAL RAI) है. मैं सागर एन्क्लेव कोलार रोड भोपाल का निवासी हूं. मेरे पेन, आधार एवं सभी दस्तावेजों में मेरा नाम राकेश राय है. पासपोर्ट में मेरा नाम राकेश कुमार राय है. जिसे सही कराने के लिए न्यूज पेपर में जाहिर करवा रहा हूं. अतः मुझे मेरे सही नाम राकेश राय पिता जवाहर लाल राय के नाम से जाना पहजाना जाए.

नाम परिवर्तन

मैं अर्थव सिंह कसाना पुत्र श्री ब्रजमोहन सिंह कसाना सूचित करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लवकुश कसाना अंकित है जो कि गलत है. मेरा सही नाम अर्थव सिंह कसाना है. मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये. इसे ही आधार कार्ड में दर्ज किया जाये. पता- RV-36, फेज-I, गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.)

R.N.- 57658

नाम परिवर्तन

मैं, जितेंद्र सिंह ठाकुर आत्मज स्व. श्री हरदेव सिंह ठाकुर निवासी- 12, अभिनव कीर्ति नियर सागर कॉलेज भोपाल म.प्र. सूचित करता हूँ कि मेरी अंकसूची व अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम जितेंद्र सिंह दर्ज है जबकि आधार कार्ड में जितेन्द्र सिंह ठाकुर दर्ज है. उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है. भविष्य में मुझे जितेन्द्र सिंह ठाकुर के नाम से जाना-पहचाना जाए.

नाम परिवर्तन

मैं, मेहरवान आत्मज श्री पलटू निवासी सक्रोली अंबानगर तहसील गंजबासोदा जिला विदिशा म.प्र. सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम (SOAARTI) सोअर्ती दर्ज है जो कि गलत है. उसका सही नाम स्वार्ति वंशकार (SWARTI VANSHKAR) पिता मेहरवान है. इसी नाम को आधार कार्ड में दर्ज किया जाए. भविष्य में इसी नाम से जाना - पहचाना जाए.

R.N.- 57659

इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी जि. कोल्हापूर
घनकचरा व्यवस्थापन विभाग

ई-निविदा सुचना क्र. ५/२०२५-२०२६

इचलकरंजी महानगरपालिका घनकचरा व्यवस्थापन विभागाकडून इचलकरंजी शहरातील नेमून दिलेल्या क्षेत्रामध्ये घनकचरा व्यवस्थापनाशी निगडीत दैनंदिन कामकाजाकरिता मनुष्यबळ पुरविणेबाबत ई-निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदर ई-निविदा **http://mahatenders.gov.in** या संकेत स्थळावर दि. २८/१०/२०२५ सकाळी ११ वाजलेपासून दि. ७/११/२०२५ रोजी दुपारी ११.०० वाजेपर्यंत पहावयास मिळेल. भरलेल्या निविदा सादर करणेची अंतीम तारीख दि. ७/११/२०२५ दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत राहील. प्राप्त निविदा दि. ७/११/२०२५ रोजी दुपारी ४.०० वा. उघडणेत येतील. निविदासंबंधी सर्व अटी शर्ती/माहिती घनकचरा व्यवस्थापन विभागकाडे कार्यालयीन कामकाजाचे दिवशी व वेळेत म.न.पा.नोटीस फलकावर तसेच उपरोक्त संकेतस्थळावर पहावयास मिळतील.

सही/-
उपायुक्त,
इचलकरंजी महानगरपालिका

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री जगमण्डल सिंह राजपूत श्रीमती रेखा राजपूत (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10268831)	पटवारी हल्का संख्या 61, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, खसरा संख्या 36 से संबंधित, संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। जौखेड़ी, बीना, मध्य प्रदेश-470113-भारत में स्थित। माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, निर्मित ऊपरीक्षेत्र, कालीनछत संपत्ति का क्षेत्रफल: 900.00, 690.00, 300.00	448348/- रुपये चार लाख अड़तालीस हजार तीन सौ अड़तालीस मात्र	09-04-2025	23-10-2025
श्री मुकेश कुमार कोशिक श्रीमती गीता बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10339049)	प्लॉट संख्या 3 और 4, पटवारी हल्का संख्या 65, वार्ड संख्या 35, सर्वे संख्या 1023, मिन., की संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। खेजड़ा चौकी रेलवे पटरी पार रोड के पास, छावनी, गुना, मध्य प्रदेश 473001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 1600	रु.283983/- दो लाख तिरासी हजार नौ सौ तिरासी केवल मात्र	11-04-2025	22-10-2025
श्रीबल्लब धाकड़ श्रीमती सरोजा बाई वल्लभ हार्वेस्टर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10346295)	पटवारी हल्का संख्या 57, खसरा संख्या 275/128/1, वार्ड संख्या 12, गाँव ढाढनखेड़ी, बागोरी, गुना, मध्य प्रदेश, 473105 - भारत प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 1200.00, 672.00, 840.00	रु.721352/- सात लाख इक्कीस हजार तीन सौ बावन मात्र	27-06-2025	22-10-2025
श्री दिमान सिंह धाकड़ धाकड़ किराना स्टोर श्रीमती गुड्डी बाई धाकड़ (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10350391)	पटवारी हल्का संख्या 69, खसरा संख्या 229, क्षेत्रफल 300 वर्ग फुट, स्थित ग्राम बेरखेड़ी, बमोरी, गुना, मध्य प्रदेश, भारत 473105 प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, निर्मित उपक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 300.00, 300.00, 240.00	रु.319244/- तीन लाख उन्नीस हजार दो सौ चौवालीस मात्र	09-06-2025	22-10-2025
श्री हरनाम सिंह हरनाम सिंह दूध और आटा चक्की श्रीमती. मुन्नी बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10372858)	पटवारी हल्का संख्या 4, खसरा संख्या 102, ग्राम घटवाड़ा, आरोन, गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473101 में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 600.00, 600.00, 480	रु.360220/- तीन लाख साठ हजार दो सौ बीस मात्र	17-03-2025	23-10-2025
श्रीमती हीराबाई यादव श्री चन्द्रभान यादव हर्ष यादव किराना स्टोर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10391552)	पटवारी हल्का संख्या 10, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, खसरा संख्या 378 से संबंधित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। गदोही, बक्सवाहा, छतरपुर, मध्य प्रदेश - 471318 - भारत में स्थित। प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र, संपत्ति क्षेत्र: 900.00, 500.00, 500.00	रु.212583/- दो लाख बारह हजार पाँच सौ तिरासी मात्र	12-06-2025	23-10-2025
श्री पंकज कुमार श्रीमती बंती बाई पंकज कुमार (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10459900)	खसरा संख्या 345, पटवारी हल्का संख्या 41, ग्राम- परकाना, तहसील-राघौगढ़, और जिला- गुना, मध्य प्रदेश, भारत, पिन संख्या 473118 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, कार्पेट क्षेत्र, निर्मितक्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 1050.00, 800.00, 1000.00	रु.345055/- तीन लाख पैंतालीस हजार पचपन मात्र	10-06-2025	23-10-2025
श्री हरिचरण यादव श्रीमती मांगीबाई यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10541251)	फोन नंबर 66 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, खसरा संख्या 105, ग्राम बड़ोदिया, बमोरी, गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473110 में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल: 1600.00, 773.00	रु.334967/- तीन लाख चौंतीस हजार नौ सौ सड़सठ मात्र	20-06-2025	23-10-2025
श्री रोहित कुमार कुशवाह जी नर्वदा जी प्रसाद कुशवाह श्रीमती मीना बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10557361)	फोन नंबर 28, सर्वे नंबर 112, मकान नंबर 148 वाली संपत्ति का पूरा हिस्सा, करैया गाँव, गुलाबगंज, विदिशा, मध्य प्रदेश, भारत, 464001 में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल: 900.00, 528.00, 660.00	रु.257491/- दो लाख सत्तावन हजार चार सौ इक्यानवे मात्र	11-06-2025	22-10-2025
श्री ओंकार श्री राजेंद्र सिंह श्रीमती गुड्डा बाई श्रीमती रानी सौम्या किराना और आटा चक्की (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10590700)	पटवारी हल्का संख्या 8, खसरा संख्या 230, ग्राम रामखिरिया, तहसील पठारी, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश, 464337, भारत स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 1157.22, 1100.00, 880.00	रु.344918/- तीन लाख चौवालीस हजार नौ सौ अठारह मात्र	08-05-2025	23-10-2025
श्री कैलाश वरकड़े मिस्टर इंदौर सिंग वारकेड श्रीमती रानी वरकड़े श्रीमती सरसती वारकेड(प्रॉस्पेक्ट नं. IL10920083)	पटवार हलका संख्या 23, खसरा संख्या 375, ग्राम शीतलझिरी, तहसील शाहपुर, जिला बैतूल, मध्य प्रदेश, भारत, 460001 क्षेत्रफल वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, निर्मित उपक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल: 900.00, 644.00	रु.315160/- तीन लाख पंद्रह हजार एक सौ साठ मात्र	20-06-2025	22-10-2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय: 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर, जोन II, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011/ आईडीबीआई बैंक के ऊपर, मंडीदीप मेन रोड, जीएल-462046/ प्रथम तल, होटल सूर्या के ऊपर, प्लेटफॉर्म संख्या-1 के पास, रेलवे स्टेशन, विदिशा-464001 या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 28-10-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।